


HEALTH CHEK UP CAMP



SAY NO TO POLYTHENE CAMPAIGN




MASK DISTRIBUTION BY NSS VOLUNTEEERS




AWARENESS PROGRAM ON LEGAL RIGHTS

दैनिक भास्कर जयपुर जिला शाहपुरा 04-03-2022

# क्लस्टर एनरोलमेंट कैंप में छात्राओं को किया मतदान के प्रति जागरूक

शाहपुरा। शहर की बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को क्लस्टर एनरोलमेंट कैंप का आयोजन हुआ। प्राचार्य अनामिका सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता-'मेरा वोट मेरा भविष्य- एक वोट का महत्व' का शुभारंभ किया था।

इसी कड़ी में कालेज मे क्लस्टर इनरोलमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनामिका सिंह ने एक वोट के महत्व के बारे में बताया।आयोग के स्वीप मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत यह राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता लोगों को अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का मौका देगी व प्रतियोगिताओं में छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस कैंप के अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब संयोजक डॉ रोजी शाह ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इन प्रतियोगिताओं के संबंध में विस्तार से बताया प्रतियोगिताओं का विषय- \'मेरा वोट मेरा भविष्य- एक वोट का महत्व\' है। इन प्रतियोगिताओं की पांच श्रेणियां हैं। प्रश्नोत्तरी, स्लोगन लेखन, गायन प्रतियोगिता, वीडियो बनाना और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता की सामान्य नियम व शर्तें, पुरस्कार व मान्यताएं संबंधी जानकारी प्रदान की। मतदाता साक्षरता क्लब सदस्य हेमराज पलसानिया ने बताया प्रतियोगिता का उद्देश्य आम जन की रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए प्रत्येक मत का महत्व बताना है तथा किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।




PLEDGE ON VOTERS DAY

राजस्थान पत्रिका 26/01/2022



# मतदान के प्रति जागरुकता की ली शपथ

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**शाहपुरा.** कस्बे के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय शाहपुरा में प्राचार्य डॉ.अनामिका सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को 12वां राष्ट्रीय मतदाता साक्षरता दिवस मनाया। प्राचार्य ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है। महाविद्यालय की छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक व सतर्क करने के लिए मतदान अवश्य करने की शपथ दिलवाई। मतदाता साक्षरता क्लब संयोजक डॉ.रोजी शाह, सदस्य डॉ.हेमराज पलसानिया एवं किरण देशवाल ने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाने के लिए छात्राओं, अभिभावकों व आमजन से संकल्प पत्र भरवाए। (कासं)



शाहपुरा राजकीय महिला कॉलेज में छात्राओं को शपथ दिलाते हुए।

# दैनिक भास्कर
# जयपुर जिला शाहपुरा 26-01-2022

जयपुर भास्कर
दैनिक भास्कर, जयपुर, बुधवार 26 जनवरी, 2022

# मतदाताओं को निर्भीक होकर लोकतंत्र प्रणाली में शामिल होने की शपथ दिलाई

## 12वें मतदाता दिवस पर मतदान के प्रति जागरूक, सतर्क करने के लिए विद्यार्थियों को दिलवाई शपथ



शाहपुरा | रघुनाथपुरा के रामावि में मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए।



विराटनगर | राजकीय कॉलेज में मतदाता दिवस मनाते हुए।



जमवारामगढ़| निष्पक्ष मतदान का संकल्प दिलाया।

**शाहपुरा**| शहर की बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनामिका सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत 12वां राष्ट्रीय मतदाता साक्षरता दिवस धूमधाम व भारी उत्साह से मनाया गया।

मतदाता साक्षरता क्लब संयोजक डॉ. रोजी शाह ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है यह लिंग, जाति, पंथ, समुदाय और धर्म की बाधाओं को पार करते हुए संपूर्ण देश में मनाए जाने वाला लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार है। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक ,सतर्क करने हेतु मतदान शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर मतदाता साक्षरता क्लब सदस्य डॉ. हेमराज पलसानिया एवं किरण देशवाल ने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाने हेतु विद्यार्थियों अभिभावकों तथा आमजन से मतदान जागरूकता उत्पन्न करने हेतु बड़ी मात्रा में संकल्प पत्र भरवाए। इसी प्रकार राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में डॉ. राम अवतार शर्मा ने सभी चिकित्सक कर्मियों को मतदान दिवस पर शपथ दिलाई। इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुंदर लाल बंसीवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में तालुका समिति के कनिष्ठ सहायक मुकेश प्रजापत व दिनेश कुमार शर्मा मौजूद थे।

माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह चांदोलिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। बीएलओ भगवान सहाय सैनी ने निर्वाचन आयोग की प्रतिज्ञा विद्यार्थियों से करवाई गई साथ ही नव मतदाताओं का स्वागत एवं शुभकामनाएं दी गई। राउमावि रघुनाथपुरा में मतदाता दिवस मनाया गया। विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

**विराटनगर**| कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा.प्रेमलता परसोया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने कहा कि हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान कर राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का पालन करना चाहिए। संकाय सदस्य बलराम कसाणा ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संचालन सदस्य सेढूराम रावत ने किया।

### गठवाड़ी में मतदाताओं को दिलवाई मतदातन की शपथ

**गठवाड़ी**| जसवंतपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थित मतदान केंद्रों पर मंगलवार को 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। सरपंच हरिनारायण यादव और पीईईओ प्रह्लाद सहाय मीणा ने भाग संख्या 14 व 15 के नव मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया। बीएलओ गैंदा राम जाट और हरफूल जाट ने 9 मतदाताओं को ई- ईपीआईसी प्रदान

शर्मा, सीताराम जाट, माली राम मीणा,किशन धानका सहित नव मतदाता मौजूद रहे।

**अजीतगढ़**| पंचायत मुख्यालय पर सरपंच संतोष अग्रवाल, सुपरवाइजर ओमप्रकाश अटल की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर कार्यक्रम के दौरान लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में स्थानीय राउमावि में प्रधानाचार्य सुमन गोडवाल की अध्यक्षता में मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद था व व्याख्याता अशोक कुमार शर्मा ने शपथ दिलवाई।

**जमवारामगढ़**| उपखंड मुख्यालय पर 12 वें राष्ट्रीय मतदान दिवस निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम विश्वामित्र मीणा ने कार्मिक, अधिवक्ता, सुपरवाइजर, बीएलओ व नव मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड डाउनलोड करने व लोकतंत्र के मूल कर्तव्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, जितेंद्र कश्यप, साधुराम धोबी व भुवानाराम मीणा सहित अन्य कार्मिक शामिल हुए। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्र छात्राओं व स्टाफ को कार्यवाहक प्राचार्य डा.राजेश आर्य ने शपथ दिलाई।

**भौनावास**| राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भाग संख्या

आयोजन किया गया। मतदान दिवस के महत्व के बारे में मतदाता को जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### भीखावाला स्कूल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया, सूची में नए नाम जोड़े

**मनोहरपुर**| राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय भीखावाला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में भाग संख्या 158 के मतदान केंद्र पर 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। बूथ लेवल अधिकारी ग्यारसीलाल यादव ने नवमतदाताओं को ऑनलाइन अपना पहचान कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कुल नए 12 मतदाता जुड़े व 7 मतदाताओं का मृत्यु एवं स्थानांतरण के कारण से विलोपन हुआ। इसके अतिरिक्त 3 मतदाताओं की प्रविष्टि में संशोधन हुआ।

**चंदवाजी**| कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन पीईईओ अमिता खण्डेलवाल की अध्यक्षता में हुआ। नव मतदाताओं व विद्यालय के 18 वर्ष पूर्ण बच्चों को मतदान की शपथ दिलाई गई। बच्चों के द्वारा चित्रकला, निबन्ध लेखन व प्रश्नोत्तरी आदि गतिविधियां की गई। बीएलओ कालूराम दरिया ने बताया कि व्याख्याता रामेश्वर प्रसाद मीणा, श्याम लाल मीणा, रोनित यादव, अवधेश जाजोरिया व प्रभारी श्रवण शर्मा आदि के द्वारा मतदान का महत्व बताते हुए निर्भिक होकर बिना प्रलोभन के मतदान करने का

राजस्थान पत्रिका - 03-12-2021

## शाहपुरा राजकीय महिला महाविद्यालय में लघु नाटिका का मंचन

# 'छात्राओं ने बताया मेरा वोट, मेरी ताकत'

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

शाहपुरा. कस्बे के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता को लेकर संचालित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत गुरुवार को मेरा वोट, मेरी ताकत विषय पर लघु नाटिका का मंचन किया गया।

मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. रोजी शाह, सदस्य डॉ.किरण देशवाल एवं हेमराज पलसानिया के मार्गदर्शन में लघु नाटिका का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस नाटक के माध्यम से छात्राओं ने बहुत प्रभावपूर्ण ढंग से युवा मतदाताओं को जागरूक किया कि बेहतर भारत के सपने को पूरा करने के लिए अपने विकास और आजादी के मूल्यों को सार्थक बनाने के लिए आपको अपने वोट की ताकत को पहचानना होगा। क्योंकि आपके वोट में वह ताकत है जिसके आधार पर आप द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि देश के सर्वोच्च सदन में आपका प्रतिनिधित्व कर सकेगा। वोट में वह ताकत है, जो देश का भविष्य तय करती है। इसलिए देश के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपना कीमती मत का दान करें अर्थात मतदान के महापर्व में भाग लेकर देश को सही प्रतिनिधि देने में अपना सहयोग करें। मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. रोजी शाह ने बताया कि लघु नाटिका के माध्यम से छात्राओं ने बताया कि 18 साल से ऊपर हर नागरिक को मत देने का अधिकार प्राप्त है, अतः सभी नागरिकों का देश के प्रति यह कर्तव्य है कि वह अपना मतदान अवश्य करें।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनामिका सिंह ने कलाकारों की अभिव्यक्ति से प्रभावित होकर उन्हे पुरस्कार देने की घोषणा की। कार्यक्रम में संकाय सदस्य व छात्राएं मौजूद थी। (एस)



शाहपुरा के राजकीय महिला महाविद्यालय में लघु नाटिका के मंचन के दौरान छात्राओं के साथ मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी।

राजस्थान पत्रिका patrika.com

11 जयपुर, शनिवार, 11 दिसम्बर, 2021

शनगढ़ . धवली

## विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया

# लोगों को संवैधानिक अधिकार बताए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



शाहपुरा राजकीय महिला कॉलेज में मौजूद संकाय सदस्य व छात्राएं।

शाहपुरा. कस्बे के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस पर भारत के संविधान के मूल कर्तव्यों की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. अनामिका सिंह के निर्देशन में सूचना का अधिकार विषय पर राज्य स्तरीय वेबिनर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रूपा मंगलानी, सह आचार्य, राजनीति विज्ञान ने सूचना के अधिकार के बहुआयामों पर चर्चा की और द्वितीय मुख्य वक्ता प्रकाश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक राजस्थान पुलिस जयपुर ने आरटीआई लगाने के तरीकों को बताया।

कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. सरिता बंग, डॉ. कुसुम शर्मा, तकनीकी सहायक महेश टेलर शामिल रहे। विश्व मानवाधिकार दिवस पर ईएलसी क्लब की ओर से मानवाधिकार संरक्षण में प्रजातंत्र की भूमिका विषय पर छात्राओं ने पत्र वाचन किया। संकाय सदस्य डॉ.अंजू अग्रवाल, डॉ. हेमराज पलसानिया, डॉ.राजेश बेनीवाल एवं डॉ. किरण देशवाल ने भी मानव अधिकारों के संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। (कासं)




NUKKAD NATAK ON VOTING RIGHTS

# महिला कॉलेज में ऑनलाइन पंजीयन प्रशिक्षण, वोटर आईडी बनाना सिखाया




शाहपुरा। शहर के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवीन मतदाताओं के लिए वोटर पोर्टल वोटर व हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करने के लिए प्रशिक्षण व जानकारी देने के लिए बुधवार को शिविर आयोजित हुआ। शिविर में छात्राओं ने बहुत उत्साह से भाग लिया। ईएलसी क्लब की संयोजक डॉ.रोजी शाह एवं डा.किरण देसवाल हेमराज पलसानिया ने इस अवसर पर छात्राओं को बताया कि इस ऐप को डाउनलोड करके अपना मतदान प्रपत्र बनवा सकते है तथा प्रपत्र बनवाने के लिए किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उसके संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ.अनामिका सिंह ने सभी छात्राओं को शत प्रतिशत वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजेश बेनीवाल, राकेश कपूरिया, हेमंत चतुर्वेदी, भारती चतुर्वेदी आदि व्याख्याता गण उपस्थित रहे।

देखकर उक्त स्थान पर चल रहे कार्य को बंद करवाया दिया है।

## जिम्मेदारों का क्या कहना है

शिकायत पत्र के संबंध में विद्युत विभाग को पत्र जारी कर जानकारी जुटाई जाएगी। इसके अलावा पालिका स्तर पर भी कार्रवाई की जाएगी।
-दिनेश कुमावत, कनिष्ठ अभियंता
नगरपालिका जोबनेर

# छात्राओं को वोटर पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप की दी जानकारी




**न्यूज सर्विस/नवज्योति, शाहपुरा।** बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय शाहपुरा में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवीन मतदाताओं के लिए वोटर पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करने के लिए प्रशिक्षण एवं जानकारी देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। ईएलसी क्लब संयोजक डॉ. रोजी शाह, डॉ. किरण देसवाल, हेमराज पलसानिया ने छात्राओं को बताया कि कितनी आसानी से आप इस ऐप को डाउनलोड करके अपना मतदान प्रपत्र बनवा सकते हैं। प्रपत्र बनवाने के लिए किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उसके संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. अनामिका सिंह ने सभी छात्राओं को शत प्रतिशत वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजेश बेनीवाल, राकेश कपूरिया, हेमंत चतुर्वेदी और भारती चतुर्वेदी सहित कई व्याख्याता गण उपस्थित रहे।

# पानादेवी कन्या महाविद्यालय में बीएससी मैथ्स और बीए एसएफएस में सीटें रिक्त

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, कोटपूतली।** यहां के राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम साइंस वर्ग के मैथ्स एवं बीए पार्ट प्रथम एसएफएस में सीटें रिक्त हैं। इच्छुक छात्राएं रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन कर सकती हैं। प्राचार्य डा.अजीत कुमार शर्मा व भावना चौधरी ने बताया कि आवेदन करने की अन्तिम तिथि 12 नवंबर है। इच्छुक छात्राएं समस्त दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति लगाकर आवेदन महाविद्यालय में जमा करा सकती हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर वरीयता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर को होगा। ऑफ लाइन प्रवेश की फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 16 नवंबर है।

# रा. शिक्षक संघ सियाराम का जिला शैक्षिक सम्मेलन चाकसू में 19 को

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, पावटा।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का जयपुर जिले का जिला शैक्षिक सम्मेलन 29 एवं 30 नवम्बर 2021

रास्ते के 5
वहीं, खाता
का निस्तारण
श्मशान भूमि
गया तो पंच
परिवारों को
गए। सरपंच
ने अधिकारि

प्रश

2

न्यूज
करणसर।
पंचायत के
सेवा केन्द्र
गांवों और
के तहत शि
गया। कार्यक्र
उपखण्ड अ
की। उन्होंने
के संग अ
की जनकल
लाभ उठाने
कार्यक्र
तहसीलदार
संबंधी का
निस्तारण कि
विकास अ
आमजन क
की जनकल्
जानकारी द
की अपील
परिवारों को
शिविर में पां

डोर

के

न्यूज
बोराज।
आसपास
वैक्सीनेशन
के लिए बुध
डॉ. राजेन्द्र
डोर टू डोर




NUKKAD NATAK




YDC SKILL DEVELOPMENT LECTURER




# SOAP MAKING TRAINING




DETERGENT MAKING TRANING


CHOCOLATE MAKING TRAINING




HEALTH CHECK-UP CAMP